कार्यालय जिला जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ,लखीमपुर खीरी।

पत्रांकः बे0अधि0 / नियुक्ति / 6680–87 / 2020–21 दिनांक 01/12/2020

विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या– 1569 / 68–5–2020–17 / 2020 दिनांक 24–11–2020 के क्रम सचिव उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के पत्र संख्याः– बे0शि0प0 / 14101–14275 / 2020–21 दिनांक 28–11–2020 के अनुपालन में 69000(36590) स0अ0 भर्ती के अन्तर्गत नियुक्ति हेतु जनपद लखीमपुर हेतु आवंटित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी काउन्सलिंग (मूल अभिलेख , ड्राफट, शपथ पत्र आदि जमा करने व आवेदन पत्र की प्रविष्टियों से मिलान एवं समस्त अभिलेखों की जांच) की कार्यवाही निम्नांकित विवरण के अनुसार किया जाना निश्चित है। समस्त अभ्यर्थी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति की दशा में नियुक्ति हेतु अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। समस्त अभ्यर्थी कोविड–19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये यथासम्भव काउन्सलिंग स्थल पर अकेले आयें एवं मास्क / सेनेटाईजर का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाये एवं सामाजिक दूरी के मानकों का पालन करते हुये काउन्सलिंग में प्रतिभाग करें।

कार्यक्रम

दिनांक	समय	गुणवत्ता अंक
2–12–2020	प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक	73.06 से 69.67 तक
	अपरान्ह 02 बजे से सायं 5 बजे तक	69.66 से 67.62 तक
3–12–2020	प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक	67.61 से 67.19 तक
	अपरान्ह 02 बजे से सायं 5 बजे तक	67.18 से 66.78 तक
4–12–2020	प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक	66.77 से 61.59 तक
	अपरान्ह 02 बजे से सायं 5 बजे तक	61.58 से अंत तक

काउन्सलिंग स्थल– जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, राजापुर लखीमपुर

नोटः– चूंकि पूर्व में दिनांक 3–5–2020 को करायी गयी काउन्सलिंग निरस्त की जा चुकी है। अतः सभी अभ्यर्थियों को काउन्सलिंग में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। पूर्व में यदि कोई काउन्सलिंग करायी गयी है तो इस आधार पर कोई दावा मान्य नही होंगा। समस्त अभ्यर्थियों को कोई अन्य आवेदन पत्र नहीं भरना है, मात्र आनलाईन आवेदन पत्रों के साथ ही समस्त अभिलेखों को दो प्रति छायाप्रतियां एवं मूल अभिलेखों के साथ जमा करना है। काउन्सलिंग स्थल पर किसी भी प्रकार की अफवाह अन्यथा प्रपत्रों से बचे।

(बुद्ध प्रिय सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
लखीमपुर–खीरी।

पृ0सं0 व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. जिलाधिकारी ,खीरी।
2. मुख्य विकास अधिकारी ,खीरी।
3. सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज।
4. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ,एनआईसी खीरी को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त विज्ञप्ति एनआईसी की वेबसाईट पर लोड करने का कष्ट करें।
5. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, षष्ट मण्डल लखनऊ।
6. प्राचार्य, डायट ,खीरी।
7. दैनिक समाचार दैनिक जारण व दैनिक हिन्दुस्तान में न्यूनतम् आकार में प्रकाशनार्थ एवं बिल भुगतान हेतु उपलब्ध कराये जाने हेतु।
8. कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

(बुद्ध प्रिय सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
लखीमपुर–खीरी।